ट्रैफिक लाइट सिस्टम एक्वाटिक पहल

सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ाने के लिए हमारे एक्वाटिक सेंटर Knox Leisureworks ने उपयोगकर्ताओं के लिए अनुकूल एक ट्रैफिक लाइट सिस्टम लागू किया है यह पहल विभिन्न पूल क्षेत्रों में जोखिम स्तर को इंगित करने के लिए ट्रैफिक लाइटों के समान कलर-कोडिड (रंगों के कोड वाली) प्रणाली का उपयोग करती है।



रैड ज़ोन (उच्च खतरा)

रैड ज़ोन का अर्थ है कि खतरा अधिक है और जोखिम की संभावना है। केवल तब ही प्रवेश करें यदि आप एक अनुभवी तैराक हैं या यदि कोई करीबी से आप पर नज़र रख रहा है। लाइफगार्ड्स के अतिरिक्त सुरक्षा नियम हो सकते हैं।

ऐम्बर ज़ोन (मध्यम खतरा)

ऐम्बर ज़ोन पूल में मध्यम खतरा दर्शाता है। ध्यान रखें और अपने आसपड़ोस पर भी ध्यान दें। लिखे गए नियमों का अनुपालन करें और अपने तैराकी कौशल पर कायम रहें।

ग्रीन ज़ोन (कम खतरा)

ग्रीन ज़ोन पूल का सबसे सुरक्षित भाग है। यह सभी तैराकों के लिए बढ़िया है, यहाँ तक कि नौसिखियों के लिए भी। बस बुनियादी जल सुरक्षा नियमों का पालन करें, जैसे कम गहरे क्षेत्रों में न दौड़ना या न कूदना।

कलर-कोडिड प्रणाली का अनुसरण करके, हम हर किसी के लिए अपने एक्वाटिक केन्द्र में सुरक्षा को समझना और इसे प्राथमिकता देना आसान बनाते हैं। हमेशा जिम्मेदारी से तैरें और हमारे केंद्र में एक सुरक्षित और सुखद अनुभव का आनंद लें।

knox your city Leisureworks Aquatic and Recreation Centre

Knox City Council